प्रेस विज्ञप्ति

राज भवन, राँची

दिनांक : 23 मार्च, 2025 :-

(1) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने आज 133वीं सीआरपीएफ बटालियन, सेक्टर-2, धुर्वा पहुँचकर पश्चिमी सिंहभूम में आईईडी विस्फोट की घटना में घायल होने के उपरांत शहीद हुए सीआरपीएफ जवान सुनील कुमार मंडल के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

राज्यपाल महोदय ने कहा कि जवान सुनील कुमार मंडल का अदम्य साहस और सर्वोच्च बलिदान सदैव स्मरणीय रहेगा और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बना रहेगा।

राज्यपाल महोदय ने शहीद के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि इस दुखद घड़ी में पूरा राष्ट्र उनके साथ खड़ा है।